दिनांक-06.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार,

- इंदौर में शुरू हुआ प्रसव-प्रतीक्षालय, मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा रहा है मध्य प्रदेश
- बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मृत हाथियों पाया गया साइक्लोपियाज़ोनिक एसिड
- छठ पूजा के दूसरे दिन आज खरना के बाद 36 घंटे का उपवास होगा शुरू
- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन आज

प्रसव-प्रतीक्षालय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री अरविंदो यूनिवर्सिटी इंदौर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रसव-प्रतीक्षालय का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं को क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा रहा है। प्रसव-प्रतीक्षालय की पहल स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

बाइट-मुख्यमंत्री/37 सेकेण्ड

प्रसव-प्रतीक्षालय में प्रसव के लिए एडमिट होने वाली महिला की 24 घंटे सतत निगरानी के साथ सभी तरह की सावधानियाँ रखनी शुरू कर दी जाएंगी। प्रसव-प्रतीक्षालय में मरीज के साथ आए परिजन की सुविधाओं का भी ख्याल रखा जाएगा

डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह कल नई दिल्ली में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के तीसरे अभियान का शुभारंभ करेंगे। पेंशन और पेंशनधारी कल्याण विभाग द्वारा देशभर के आठ सौ शहरों और जिलों में यह अभियान 30 नवम्बर तक जारी रहेगा।

राजधानी भोपाल में ये शिविर आज सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की टी.टी.नगर, अरेरा हिल्स और गुलमोहर कॉलोनी शाखा में आयोजित किये जायेंगे हैं। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की अवर सचिव, सोनिका खट्टर, इन शिविरों में जाकर, जीवन प्रमाणपत्र जमा करने हेतु विभिन्न डिजिटल तरीकों जैसे फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के बारे में पेंशनभोगियों का मार्गदर्शन करेंगीं।

हाथी विसरा रिपोर्ट

उमरिया जिले के बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में खितौली और पतौर रेंज में मृत हाथियों की विसरा रिपोर्ट के अनुसार हाथियों के विसरा में साइक्लोपियाज़ोनिक एसिड पाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार हाथियों ने बड़ी मात्रा में खराब कोदो पौधे खाये हैं। नमूनों में पाये गये साइक्लोपियाज़ोनिक एसिड की विषाक्तता की वास्तविक गणना और आगे की जा रही है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि रिपोर्ट में आसपास के क्षेत्रों में ध्यान रखने के लिये एडवायजरी भी जारी की है, जिसमें ग्रामीणों में जागरूकता, खराब फसल में मवेशियों न चराने जैसे बिन्दु दिये गये हैं ।

रेलवे-विशेष ट्रेन

रेलवे द्वारा छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए इस महीने की 8 तारीख तक एक सौ 45 अतिरिक्त विशेष ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है और प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्रियों की यात्रा सुगम बनाई जा रही है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने आकाशवाणी से कहा कि सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग पर ट्रेनों का संचालन भी कर रहा है।

प्रदेश में रेलवे प्रशासन द्वारा त्यौहारों के दौरान यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रीवा-इंदौर-रीवा के मध्य एक-एक फेरे के लिये स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इसी तरह जबलपुर- वेरावल- जबलपुर के मध्य चलने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन का अस्थाई ठहराव आज से बनखेड़ी स्टेशन पर दिया जा रहा है।

ट्यूलिप ब्रांड

केंद्र सरकार ने आज ट्यूलिप ब्रांड लॉन्च करने की घोषणा की है इसमें हाशिए पर रहने वाले लोगों द्वारा बनाए गए उत्पादों को शामिल किया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि उत्पाद बनाने में शामिल लोगों को सशक्त और प्रोत्साहित करने के लिए इन उत्पादों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेचा जाएगा। उन्होंने दिल्ली हाट में शिल्प समागन मेला-2024 के उद्धाटन के दौरान यह बात कही।

छठ पूजा

छठ पूजा के दूसरे दिन आज खरना की रस्म निभाई जाएगी। सूर्य देव और मां छठी मैया को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालु प्रसाद के रूप में खीर और रोटी ग्रहण कर रहे हैं। खरना के बाद 36 घंटे का उपवास शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पर्व का समापन होगा। प्रदेश में छठ घाटों पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। छठ घाटों पर साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना

अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के महा-निदेशक डॉ. अजय माथुर ने कहा- भारत सरकार की 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना' के बारे में आज विश्व जानना चाहता है। उन्होंने कहा- सरकार का लक्ष्य एक करोड़ लोगों को इस योजना से जोड़ना है, जिसमें 12 लाख लोग पंजीकृत हो चुके हैं।

बाइट: डॉ. अजय माथुर/36 सेकेण्ड

नई दिल्ली के भारत मंडपम में हाल ही अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की छठी असेंबली का आयोजन किया गया। असेंबली में ऊर्जा पहुँच पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया था।

एकलव्य आवासीय विद्यालय स्पर्धा

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा वित्त पोषित प्रदेश के 63 एकलव्य आवासीय विद्यालयों की दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोपाल में होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ कल जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह ने किया था।

प्रतियोगिता में कुल 312 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के समापन उपरांत चयनित प्रतिभागी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोपाल में 7 एवं 8 नवम्बर को प्रेक्टिस करेंगे तथा 9 नवम्बर को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये भुवनेश्वर जायेंगे

शारदा सिन्हा-निधन

बिहार कोकिला के रूप में प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन हो गया है वह 72 वर्ष की थीं। वह 26 अक्टूबर से नई दिल्ली एम्स में आईसीयू में भर्ती थीं। साल 2017 से वह ब्लड कैंसर से पीडित थीं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में छठ पर्व और विवाह के गीत गाएं जिनके कारण उन्हें जन-जन में लोकप्रियता मिली। उन्होंने फिल्मों के लिए भी कई गीत गाए। उन्हें 1991 में पदम श्री और 2018 में पदम भूषण से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विभिन्न लोगों ने प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा के निधन पर दुख जताया है।

आईपीएल-नीलामी

इंडियन प्रीमियर लीग-आईपीएल 2025 के लिए नीलामी इस महीने की 24 और 25 तारीख को सऊदी अरब के जेद्दाह में होगी। बीसीसीआई ने कल यह घोषणा की। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब नीलामी विदेश में आयोजित की जाएगी। आईपीएल 2024 से पहले भी नीलामी दुबई में ही की गई थी। एक हजार एक सौ पैंसठ भारतीय और चार सौ नौ विदेशी खिलाडियों सहित कुल एक हजार पांच सौ 74 क्रिकेट खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए अपनी सहमति दी है।

अब कुछ समाचार संक्षिप्त में.......

1. उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 12 नवम्बर को अखिल भारतीय कालिदास समारोह का शुभारंभ करने के लिए उज्जैन आएंगे।
2. अगली रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव आगामी 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में होगी।
3. वनकर्मियों को स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख द्वारा आज ''कमेन्डेशन डिस्क'' एवं ''प्रशस्ति-पत्र'' देकर सम्मानित किया जायेगा। समारोह में 46 अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जायेगा।
4. विधिक सेवा सप्ताह अन्तर्गत धार जिले में कल विधिक साक्षरता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।
5. खंडवा शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन अलग-अलग प्रयोग कर स्वच्छता का संदेश आम जनता तक पहुंचा कर शहर को स्वच्छ बना रहा है।
6. आगरमालवा जिले के नायक बद्रीलाल यादव का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव नरवल में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उनका जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था।
7. मंदसौर में कल  जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। बैठक में बताया कि जिले की 127 सिंचाई परियोजनाओं से 1 लाख 57 हजार हैक्टेयर क्षेत्र से ज्यादा में सिंचाई होगी।
8. इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, तुर्की के इस्तांबुल में होने वाली विश्व जलवायु संसद में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्री लालवानी इस विश्व स्तरीय आयोजन में भारत के प्रयासों की जानकारी देंगे।
9. श्योपुर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की तीन छात्राओं का चयन अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए हॉकी महिला टीम में किया गया है।
10. विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के पहले दिन उत्साह के साथ मतदान किया। क्षेत्र के 217 मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा का चयन किया है।
11. डिंडोरी में आंगनवाडी केन्द्र वार्ड क्रमांक 12 एवं आंगनवाड़ी केन्द्र 13 में मंगल दिवस के तहत सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य समाचार एक बार फिर,

- इंदौर में शुरू हुआ प्रसव-प्रतीक्षालय, मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा रहा है मध्य प्रदेश
- बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मृत हाथियों पाया गया साइक्लोपियाज़ोनिक एसिड
- छठ पूजा के दूसरे दिन आज खरना के बाद 36 घंटे का उपवास होगा शुरू
- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन आज